रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सी ई एन नं. - 04/2024 - CEN No. - 04/2024

| | |
|---|---|
| Test Date | 28/04/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | FIELD WORKER |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Ability**

**Q.1** तीन संख्याएं 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं। यदि उनका ल.स.प. (LCM) 480 है, तो उनका म.स.प. (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 40
✗ 2. 2
✗ 3. 80
✗ 4. 20

**Q.2** 1991 के बाद, भारत में अधिकांश क्षेत्रों के लिए औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया गया था, लेकिन कुछ उत्पाद श्रेणियों, जैसे कि ______________________ के लिए लाइसेंसिंग अभी भी अनिवार्य थी।

Ans
✔ 1. शराब, सिगरेट और खतरनाक रसायन
✗ 2. कपड़ा, इस्पात और ऑटोमोबाइल
✗ 3. कृषि मशीनरी और ग्रामीण उत्पाद
✗ 4. कपड़ा प्रसंस्करण और हथकरघा उद्योग

**Q.3** गर्भाशय ______ के माध्यम से योनि में खुलता है।

Ans
✗ 1. अंडवाहिनी (Oviduct)
✗ 2. शुक्र वाहक (Vas deferens)
✗ 3. अंडाशय (Ovary)
✔ 4. ग्रीवा (Cervix)

**Q.4** भारत सरकार द्वारा बाघों की जनसंख्या के संरक्षण के उद्देश्य से प्रोजेक्ट टाइगर (Project Tiger) कब शुरू किया गया था?

Ans
✗ 1. 1980
✗ 2. 1990
✔ 3. 1973
✗ 4. 1972

**Q.5** राष्ट्रीय उद्यान और संरक्षित प्रमुख प्रजातियों (जिसके लिए यह प्रसिद्ध है) का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत मिलान किया गया है?

Ans
✗ 1. दुधवा (उत्तर प्रदेश) - हाथी और बाघ
✗ 2. सुंदरबन (पश्चिम बंगाल) – रॉयल बंगाल टाइगर
✔ 3. बांदीपुर (कर्नाटक) – गैंडा और जंगली भैंसा
✗ 4. दाचीगाम (जम्मू और कश्मीर) – हंगुल और कस्तूरी मृग

Q.6 गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ 1. गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थ प्राकृतिक वातावरण में आसानी से अपघटित हो जाते हैं।
- ✗ 2. गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थ मृदा की उर्वरता को बढ़ा सकते हैं।
- ✗ 3. गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थ फल, सब्जियां और अन्य कार्बनिक पदार्थ हैं।
- ✓ 4. गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थों को प्राकृतिक प्रक्रियाओं के माध्यम से नहीं तोड़ा जा सकता है।

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, खुले बर्तन से जल के सबसे शीघ्र वाष्पन का कारण बनेगी?

Ans
- ✗ 1. निम्न आर्द्रता, निम्न तापमान और गतिमान वायु
- ✗ 2. उच्च आर्द्रता, उच्च तापमान और अचल वायु
- ✓ 3. निम्न आर्द्रता, उच्च तापमान और गतिमान वायु
- ✗ 4. उच्च आर्द्रता, निम्न तापमान और अचल वायु

Q.8 हार्मोन और उनके कार्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✗ 1. थाइरॉक्सिन (Thyroxine), थाइरॉइड ग्रंथि द्वारा उत्पादित होता है, यह चयापचय को विनियमित करता है
- ✓ 2. अधिवृक्क ग्रंथियों से उत्पन्न अधिवृक्क पिट्यूटरी ग्रंथि को हार्मोन उत्पादित करने के लिए उद्दीपित करता है
- ✗ 3. वृद्धि हॉर्मोन पिट्यूटरी ग्रंथि (pituitary gland) द्वारा उत्पादित होता है, यह वृद्धि को उद्दीपित करता है
- ✗ 4. अग्न्याशय द्वारा उत्पादित इंसुलिन, यह रुधिर शर्करा के स्तर को विनियमित करता है

Q.9 एथेनोइक अम्ल का विलयन नीले लिटमस को लाल क्यों कर देता है?

Ans
- ✓ 1. यह एक अम्ल है।
- ✗ 2. यह एक क्षार है।
- ✗ 3. यह एक लवण है।
- ✗ 4. यह उदासीन होता है।

Q.10 दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CRK : EVM
MIW : OMY

Ans
- ✓ 1. ZBP : BFR
- ✗ 2. ODU : QIX
- ✗ 3. XTJ : ZYL
- ✗ 4. LFY : NKB

Q.11 A और B एक साथ मिलकर किसी कार्य को 30 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने 20 दिनों तक एक साथ कार्य किया और फिर A कार्य छोड़कर चला गया। अगले 15 दिनों के बाद, B ने शेष कार्य पूरा कर लिया। B अकेले संपूर्ण कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
- ✗ 1. 60
- ✗ 2. 50
- ✓ 3. 45
- ✗ 4. 54

Q.12 यदि दो गोलीय दर्पणों की वक्रता त्रिज्याएँ 2X और 4Y हैं (जहाँ X और Y दूरियाँ हैं), तो उनकी फोकस दूरियों का अनुपात क्या होगा?

Ans
- ✓ 1. X/2Y
- ✗ 2. 2X/5Y
- ✗ 3. X/Y
- ✗ 4. 2X/Y

Q.13 DC मोटर में दिक्परिवर्तक (commutator) की क्या भूमिका होती है?

Ans
1. नियत वोल्टता प्रदान करना ✗
2. प्रतिरोध बढ़ाना ✗
3. घर्षण को कम करना ✗
4. कुंडली में धारा की दिशा को उत्क्रमित करना ✓

Q.14 एयरो इंडिया 2025 में प्रदर्शित, AMCA किस पीढ़ी के लड़ाकू विमानों से संबंधित है?

Ans
1. पाँचवी पीढ़ी ✗
2. 4.5वीं पीढ़ी ✗
3. चौथी पीढ़ी ✗
4. 5.5वीं पीढ़ी ✓

Q.15 निम्नलिखित में से किसमें अवतल दर्पण का उपयोग नहीं किया जाता है?

Ans
1. वाहनों में पश्च दृश्य (rear view) दर्पण ✓
2. टॉर्च ✗
3. वाहन की हेडलाइट ✗
4. सर्च लाइट ✗

Q.16 गूगल समर्थित किस भारतीय स्टार्टअप ने उन्नत हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जनवरी 2025 में देश का पहला निजी उपग्रह समूह सफलतापूर्वक लॉन्च किया?

Ans
1. स्काईरूट एयरोस्पेस (Skyroot Aerospace) ✗
2. पिक्सेल (Pixxel) ✓
3. ध्रुव स्पेस (Dhruva Space) ✗
4. अग्निकुल कॉसमॉसम (Agnikul Cosmos) ✗

Q.17 यदि घन का आयतन 110592 $m^3$ है, तो घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल $m^2$ में ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 13824 ✓
2. 13833 ✗
3. 13855 ✗
4. 13864 ✗

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक हमारे शरीर में गति के लिए उत्तरदायी है?

Ans
1. उपकला ऊतक (Epithelial tissue) ✗
2. पेशी ऊतक (Muscle tissue) ✓
3. तंत्रिका ऊतक (Nervous tissue) ✗
4. संयोजी ऊतक (Connective tissue) ✗

Q.19 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों की संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

4 – 9 – 81 – 96; 2 – 7 – 49 – 64

Ans
1. 9 – 13 – 169 – 184 ✗
2. 3 – 8 – 64 – 74 ✗
3. 8 – 13 – 181 – 196 ✗
4. 6 – 11 – 121 – 136 ✓

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | जल संकट के कारण प्रारंभिक जनसंख्या के 10% व्यक्ति शहर छोड़कर चले गए तथा शेष जनसंख्या के 40% व्यक्ति नौकरी करने के लिए शहर छोड़कर चले गए। यदि वर्तमान में शहर में 3510 व्यक्ति रहते हैं, तो प्रारंभिक जनसंख्या और वर्तमान जनसंख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✔ 1. 50:27 | |
| | ✘ 2. 55:34 | |
| | ✘ 3. 54:28 | |
| | ✘ 4. 53:33 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पति है'।<br><br>यदि 'A – B ÷ C + D × E' है, तो A का E से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✘ 1. भाई की पुत्री | |
| | ✔ 2. पिता का पिता | |
| | ✘ 3. माता का भाई | |
| | ✘ 4. माता की माता | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | सात मित्र, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे (आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में बैठे हों) हैं। C, D के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है। B और A के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। E, B के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है। E और F के बीच केवल G बैठा है। D और E के बीच कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं? | |
| Ans | ✘ 1. कोई भी नहीं | |
| | ✘ 2. तीन | |
| | ✔ 3. दो | |
| | ✘ 4. एक | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | CE 15 एक निश्चित तरीके से GI 17 से संबंधित है। उसी प्रकार, RT 25 से NP 23 संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए HJ 37 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? | |
| Ans | ✘ 1. LN 41 | |
| | ✘ 2. KM 41 | |
| | ✔ 3. LN 39 | |
| | ✘ 4. LM 39 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | निम्नलिखित में से किन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के चरमपंथी चरण के दौरान पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली क्षेत्रों में फैले क्रांतिकारियों का एक नेटवर्क स्थापित किया? | |
| Ans | ✘ 1. लाला लाजपत राय और बाल गंगाधर तिलक | |
| | ✘ 2. खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी | |
| | ✘ 3. चन्द्रशेखर आजाद और भगत सिंह | |
| | ✔ 4. रासबिहारी बोस और सचिन्द्रनाथ सान्याल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.25 | तरुण और वरुण शहर A से शहर B की ओर क्रमशः 44 km/h और 66 km/h की चाल से जाते हैं। यदि वरुण, तरुण से 100 मिनट पहले शहर B पहुंचता है, तो शहर A और शहर B के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✘ 1. 216 km | |
| | ✔ 2. 220 km | |
| | ✘ 3. 211 km | |
| | ✘ 4. 218 km | |

| Q.26 | भारत में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना जो सामाजिक और आर्थिक न्याय को बढ़ावा देता है |
| | ✗ 2. व्यक्तियों के उत्थान के लिए नीतियां बनाने में राज्य का मार्गदर्शन करना |
| | ✓ 3. किसी व्यक्ति के संपत्ति के अधिकार को एक अविभाज्य मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी देना |
| | ✗ 4. राज्य के हस्तक्षेप के माध्यम से आय में असमानताओं को कम करने के लिए ढांचा प्रदान करना |

| Q.27 | भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (ICHR) की पुस्तक 'जम्मू, कश्मीर एंड लद्दाख थ्रू द एजेस (Jammu, Kashmir, and Ladakh Through the Ages)' के संपादक कौन हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अमिताव घोष |
| | ✗ 2. रामचंद्र गुहा |
| | ✓ 3. रघुवेंद्र तंवर |
| | ✗ 4. शशि थरूर |

| Q.28 | भारत निर्वाचन आयोग भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत स्थापित किया गया है और इसका कोई एक प्राथमिक कार्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. अनुच्छेद 324; भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना |
| | ✗ 2. अनुच्छेद 320; मतदाता सूची तैयार करना |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 326; भारत में स्थानीय सरकार के चुनावों की देखरेख करना |
| | ✗ 4. अनुच्छेद 330; केवल मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करना |

| Q.29 | एक वैज्ञानिक चार अलग-अलग विलयन तैयार करता है और उनके pH मान को मापता है:<br><br>विलयन P: pH = 3<br>विलयन Q: pH = 7<br>विलयन R: pH = 9<br>विलयन S: pH = 13<br><br>इन विलयनों की प्रकृति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. विलयन P उदासीन है, जबकि विलयन S अत्यधिक अम्लीय है। |
| | ✗ 2. विलयन R उदासीन है, जबकि विलयन Q थोड़ा क्षारीय है। |
| | ✓ 3. विलयन P अम्लीय है, जबकि विलयन S प्रबल रूप से क्षारीय है। |
| | ✗ 4. विलयन Q उदासीन है, जबकि विलयन R अत्यधिक अम्लीय है। |

| Q.30 | निम्नलिखित में से कौन-सा शहर संत सलीम चिश्ती के मकबरे से संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अजमेर |
| | ✗ 2. सासाराम |
| | ✗ 3. नई दिल्ली |
| | ✓ 4. फतेहपुर सीकरी |

Section : **Professional Ability**

| Q.1 | मासिक धर्म के समय स्वच्छता बनाए रखने के लिए सैनिटरी पैड या मासिक धर्म कप कितनी बार बदले जाते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. हर 4-6 घंटे में |
| | ✗ 2. हर 8-10 घंटे में |
| | ✗ 3. केवल तभी जब वे भरे हों |
| | ✗ 4. हर 2-3 घंटे में |

| Q.2 | संगरोध (quarantine) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. किसी बीमारी के संपर्क में आए व्यक्तियों को दंडित करना |
| | ✗ 2. बीमार व्यक्तियों की पहचान करना |
| | ✗ 3. बीमार लोगों को चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराना |
| | ✓ 4. संक्रामक बीमारी के प्रसार को रोकना |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.3** | **निम्नलिखित में से कौन-सी महिला बंध्यीकरण विधि है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. डायाफ्राम (Diaphragm) | |
| | ✗ 2. शुक्रवाहिकोच्छेदन (Vasectomy) | |
| | ✗ 3. नॉरप्लांट (Norplant) | |
| | ✓ 4. नलिकोच्छेदन (Tubectomy) | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.4** | **समय से पहले प्रसव (Preterm labour) के जोखिम को कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय किया जाता है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. छोटी-मोटी बीमारियों के प्रबंधन के लिए काउंटर औषधियों (counter drugs) का सेवन करना | |
| | ✗ 2. भोजन करना छोड़ देना | |
| | ✓ 3. संक्रमण से बचना | |
| | ✗ 4. कठिन व्यायाम करना | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.5** | **टारगेट युगल (target couples) के संबंध में परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. युगल को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना | |
| | ✓ 2. युगल को परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुँच प्रदान करना | |
| | ✗ 3. प्रसव की संख्या को कम करना | |
| | ✗ 4. महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.6** | **गर्भावस्था के दौरान Tdap टीका लगाने का अनुशंसित समय क्या है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. गर्भावस्था की पुष्टि के तुरंत बाद | |
| | ✓ 2. गर्भावस्था के 27 से 36 सप्ताह के बीच | |
| | ✗ 3. दूसरी तिमाही | |
| | ✗ 4. पहली तिमाही | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.7** | **MR टीका आमतौर पर किस आयु में लगाया जाता है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. 12 सप्ताह | |
| | ✓ 2. 9 महीने | |
| | ✗ 3. 6 सप्ताह | |
| | ✗ 4. 12 महीने | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.8** | **निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रसवपूर्व देखभाल का एक उद्देश्य है?** | |
| **Ans** | ✓ 1. नवजात मृत्युदर और अस्वस्थता की पहचान करना और उसे रोकना | |
| | ✗ 2. गैर-संस्थागत प्रसव को सुविधाजनक बनाना | |
| | ✗ 3. जन्म के बारे में सांस्कृतिक मान्यताओं को सुगम बनाना | |
| | ✗ 4. अवांछित जन्म को प्रोत्साहित करना | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.9** | **किस प्रकार का विषाणुज हेपेटाइटिस (viral hepatitis) दूषित भोजन और पानी के माध्यम से फैलता है?** | |
| **Ans** | ✓ 1. हेपेटाइटिस A | |
| | ✗ 2. हेपेटाइटिस C | |
| | ✗ 3. हेपेटाइटिस B | |
| | ✗ 4. हेपेटाइटिस D | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.10** | **कोरोना वायरस में "कोरोना" का क्या अर्थ है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. बीयर | |
| | ✗ 2. मजबूत | |
| | ✗ 3. सूर्य | |
| | ✓ 4. मुकुट | |

Q.11 रोग के कारण का जानपदिकरोग-विज्ञान त्रिक___________ को संदर्भित करता है।

Ans
1. जॉन स्नो, रॉबर्ट कोच, केनेथ रोथमैन
2. एजेंट, परपोषी, पर्यावरण
3. समय, स्थान, व्यक्ति
4. उद्गम, संचरण का तरीका, अतिसंवेदनशील परपोषी

Q.12 स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए गर्भनिरोध की कौन-सी हॉर्मोनी विधि विश्वसनीय है?

Ans
1. मिश्रित गोली
2. हॉर्मोनी पैच
3. प्रोजेस्टिन-केवल गोली
4. योनि वलय

Q.13 मल्टी-लोड 375 अंतर्गर्भाशय डिवाइस किस प्रकार कार्य करता है?

Ans
1. शुक्राणु की प्रजनन क्षमता में वृद्धि
2. हार्मोन स्राव का उद्दीपन
3. शुक्राणुनाशी प्रभाव
4. डिंबक्षरण का उद्दीपन

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए आवश्यक है?

Ans
1. भोजन छोड़ना (Skipping meals)
2. प्रोसेस्ड फूड खाना (Eating processed food)
3. बहुत देर से सोना (Sleeping too late)
4. नियमित व्यायाम करना (Regular exercise)

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा, तीव्र श्वसन संक्रमण का सामान्य लक्षण नहीं है?

Ans
1. पेट में दर्द (Stomach ache)
2. कंठ शोथ (Sore Throat)
3. ज्वर (Fever)
4. नाक बहना (Runny Nose)

Q.16 निम्नलिखित में से किसे स्क्रीनिंग (screening) द्वारा रोका जा सकता है?

Ans
1. प्रोस्टेट कैंसर
2. गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर
3. फुप्फुस कैंसर
4. स्तन कैंसर

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा, लार ग्रंथियों का एक विषाणु रोग है?

Ans
1. डिप्थीरिया (Diphtheria)
2. काली खांसी (Whooping cough)
3. गलसुआ (Mumps)
4. कंठशोथ (Croup)

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा घटक, व्यक्तियों में अभिघातोत्तर तनाव विकार (post-traumatic stress disorder) का कारण बनता है?

Ans
1. व्यक्तिगत अनुभव
2. आनुवंशिक घटक
3. सामाजिक घटक
4. सांस्कृतिक घटक

Q.19 रूबेला का प्राथमिक लक्षण क्या है?

Ans

✗ 1. तेज बुखार

✗ 2. तेज़ सिरदर्द

✓ 3. मैकुलो-पापुलर रैश

✗ 4. उल्टी आना

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सी जनसंख्या खसरे से सबसे अधिक प्रभावित होती है?

Ans

✗ 1. वृद्धावस्था

✗ 2. युवा वयस्क

✗ 3. किशोर

✓ 4. शिशु और छोटे बच्चे

Q.21 शरीर के संरचनात्मक घटकों के निर्माण और पोषण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पोषक आवश्यक है?

Ans

✗ 1. खनिज पदार्थ

✗ 2. वसा

✗ 3. कार्बोहाइड्रेट

✓ 4. प्रोटीन

Q.22 रोग के प्राकृतिक इतिहास के किस चरण के दौरान व्यक्तियों में लक्षण प्रदर्शित होते हैं और वे चिकित्सा देखभाल की तलाश करते हैं?

Ans

✗ 1. पूर्व-नैदानिक चरण (Preclinical stage)

✗ 2. तीव्र चरण (Acute stage)

✗ 3. लक्षणहीन चरण (Subclinical stage)

✓ 4. नैदानिक चरण (Clinical stage)

Q.23 परिवार नियोजन कार्यक्रम में 2-3 जीवित बच्चों वाले युगल को टारगेट युगल क्यों माना जाता है?

Ans

✓ 1. वे परिवार नियोजन सेवाओं के लिए प्राथमिकता समूह हैं

✗ 2. उनमें अनचाहे गर्भधारण का जोखिम अधिक होता है

✗ 3. वे यौन संचारित रोगों के प्रति संवेदनशील होते हैं

✗ 4. वे परिवार नियोजन सेवाओं को स्वीकार करने और उनका उपयोग करने की अधिक संभावना रखते हैं

Q.24 प्रसवोत्तर द्वितीय दिन एक रोगी का प्रबंधन करते समय, आपको किस प्रकार के लोचियल आस्राव (Lochial discharge) की उम्मीद करनी चाहिए?

Ans

✓ 1. लोहि सूत्रि स्राव (Lochia rubra)

✗ 2. गर्भाशय सूतिस्राव (Lochia metra)

✗ 3. सीरमी सूतिस्राव (Lochia serosa)

✗ 4. श्वेत सूतिस्राव (Lochia alba)

Q.25 आमवाती हृदयरोग (rheumatic heart disease) में, निम्नलिखित में से कौन-सा हृदय कपाट (heart valve) सबसे अधिक प्रभावित होता है?

Ans

✗ 1. त्रिकपर्दी कपाट (Tricuspid valve)

✗ 2. महाधमनी कपाट (Aortic valve)

✓ 3. द्विकपर्दी कपाट (Mitral valve)

✗ 4. फुप्फुसीय कपाट (Pulmonary valve)

Q.26 जन्म-मरण सांख्यिकी (Vital statistics) प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जा सकता है?

Ans
✗ 1. पराश्रितता अनुपात (Dependency ratio)
✓ 2. पंजीकरण विधि (Registration method)
✗ 3. अशोधित जन्म दर (Crude birth rate)
✗ 4. अशोधित मृत्यु दर (Crude death rate)

Q.27 हाथ धोने के चरणों का सही क्रम क्या है?

Ans
✓ 1. गीले हाथ, साबुन लगाएं, रगड़ें, धोएँ, सुखाएँ
✗ 2. गीले हाथ, रगड़ें, साबुन लगाएं, धोएँ, सुखाएँ
✗ 3. साबुन लगाएं, गीले हाथ, रगड़ें, धोएँ, सुखाएँ
✗ 4. रगड़ें, गीले हाथ, साबुन लगाएं, धोएँ, सुखाएँ

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है?

Ans
✗ 1. आहार और व्यायाम
✗ 2. व्यक्तिगत विश्वास
✓ 3. वायु और जल गुणवत्ता
✗ 4. पारिवारिक वृत्त

Q.29 ट्रैकोमा (trachoma) में अंधेपन का मुख्य कारण क्या है?

Ans
✗ 1. तंत्रिका क्षति (Nerve damage)
✓ 2. स्वच्छमंडलीय क्षतचिह्न (Corneal scarring)
✗ 3. त्वचा विक्षति (Skin lesion)
✗ 4. दृष्टिपटलविकृति (Retinopathy)

Q.30 अपरा (placenta) की उत्पत्ति ________ से होती है।

Ans
✗ 1. यथार्थ पतनिका (Decidua vera)
✗ 2. आभ्यंतर कोशिका समूह (Inner cell mass)
✗ 3. संपुट पतनिका (Decidua capsularis)
✓ 4. कोरियोनिक फ्रोंडोसम (Chorionic frondosum)

Q.31 न्यूकल ट्रांसलूसेंसी (nuchal translucency - NT) स्कैन निम्नलिखित में से किसका पता लगाने में सहायता होता है?

Ans
✗ 1. प्लेसेंटा प्रेविया (Placenta previa)
✗ 2. अत्युल्वोदकता (Polyhydramnios)
✗ 3. एब्रप्टियो प्लेसेंटा (Abuptio placenta)
✓ 4. डाउन संलक्षण (Down's syndrome)

Q.32 अनिर्गत अपरा खंडों का सामान्य प्रमुख उपद्रव क्या है?

Ans
✗ 1. प्रसवोत्तर अवसाद
✗ 2. गर्भाशय विदार
✓ 3. प्रसवोत्तर रक्तस्राव
✗ 4. गर्भाशय भ्रंश

Q.33 जब किसी व्यक्ति को एलर्जी नासाशोथ हो जाता है तो निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय अपनाना सर्वोत्तम है?

Ans
✗ 1. विसंकुलक (decongestant) उपयोग करना
✗ 2. ऊष्मा के संपर्क में आना
✓ 3. एलर्जन की पहचान करना और उनसे बचना
✗ 4. नासा और चेहरे को रगड़ना

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | सामान्य योनि प्रसव के बाद PPIUCDs निवेशन का समय क्या होता है? | |
| Ans | ✗ 1. 10 दिनों के भीतर<br>✗ 2. 1 सप्ताह के भीतर<br>✗ 3. 4 सप्ताह के बाद<br>✓ 4. 48 घंटे के भीतर | |
| Q.35 | निम्नलिखित में से कौन-सा प्रवरण परीक्षण, सगर्भताजन्य मधुमेह की पहचान करने में मदद करता है? | |
| Ans | ✗ 1. CST<br>✓ 2. GCT<br>✗ 3. BSE<br>✗ 4. NST | |
| Q.36 | संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के अच्छे उपायों का उद्देश्य निम्नलिखित में से किस समूह के लोगों की सुरक्षा करना है? | |
| Ans | ✓ 1. रोगी, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, परिवार के सदस्यों और आम जनता<br>✗ 2. केवल रोगियों<br>✗ 3. केवल परिवार के सदस्यों<br>✗ 4. केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं | |
| Q.37 | सबसे भीतरी गर्भ कला कौन-सी है? | |
| Ans | ✗ 1. पतनिका (Decidua)<br>✗ 2. जरायु (Chorion)<br>✓ 3. उल्व (Amnion)<br>✗ 4. गर्भाशय पेशीस्तर (Myometrium) | |
| Q.38 | 32 सप्ताह की गर्भवती महिला को योनि से दर्द रहित रक्तस्राव हो रहा है और उसे सम्मुखी अपरा (placenta praevia) होने का संदेह है। उपचार की सुरक्षित रूप से पुष्टि करने के लिए कौन-सी प्रक्रिया सबसे उचित है? | |
| Ans | ✗ 1. डिजिटल या स्पेकुलम परीक्षण (Digital or speculum examination)<br>✓ 2. अल्ट्रासाउंड (Ultrasound)<br>✗ 3. बाह्य भ्रूण निगरानी (External fetal monitoring)<br>✗ 4. गर्भोदक (Amniocentesis) | |
| Q.39 | अनुचित स्वस्थवृत्त के कारण कौन-सा प्रसवोत्तर उपद्रव हो सकता है? | |
| Ans | ✓ 1. स्तनशोथ<br>✗ 2. प्रसवोत्तर रक्तस्राव<br>✗ 3. प्रसवोत्तर अवसाद<br>✗ 4. योनि विदार | Join Telegram Railway News Room |
| Q.40 | संक्रामक रोग को किस प्रकार परिभाषित किया जाता है? | |
| Ans | ✗ 1. एक ऐसा रोग जो गुणसूत्रों से फैलता है।<br>✓ 2. एक ऐसा रोग जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है।<br>✗ 3. एक ऐसा रोग जो जीन के ज़रिए फैलता है।<br>✗ 4. एक ऐसा रोग जो लोगों के फ़ोन के ज़रिए संपर्क करने से फैलता है। | |
| Q.41 | सगर्भ गर्भाशय की अन्तर्गर्भाशयकला (Endometrium ) को ___________ कहा जाता है। | |
| Ans | ✓ 1. पतनिका (Decidua)<br>✗ 2. जरायु पट्टिका (Chorionic plate)<br>✗ 3. पोषकोरक (Trophoblast)<br>✗ 4. कोरकखंड (Blastomere) | |

Q.42 शिशुओं में DPT टीका लगाने का मार्ग क्या है?

Ans
- ✗ 1. मौखिक (Oral)
- ✗ 2. ID
- ✓ 3. IM
- ✗ 4. SC

Q.43 आचरण प्रतिरूप पर सहकर्मी समूह का प्रभाव, किस समूह के लोगों के बीच देखा जाता है?

Ans
- ✗ 1. वृद्ध (Old aged)
- ✗ 2. शिशु (Infants)
- ✗ 3. टॉडलर (Toddlers)
- ✓ 4. किशोर (Adolescents)

Q.44 16-24 माह की उम्र में, निम्नलिखित में से कौन-सी वैक्सीन की अनुवर्धक मात्रा दी जाती है?

Ans
- ✓ 1. DPT
- ✗ 2. हेपटाइटिस B
- ✗ 3. रोटावाइरस
- ✗ 4. मिजेल्स

Q.45 इच्छा पोषण (demand feeding) का प्राथमिक लाभ क्या है?

Ans
- ✗ 1. इससे माँ आहार के समय के अनुसार अपने दिन की योजना आसानी से बना सकती है।
- ✗ 2. यह सुनिश्चित करता है कि शिशु को प्रत्येक बार दूध की समान मात्रा मिले
- ✗ 3. यह एक पूर्वानुमेय निद्रा अनुसूची स्थापित करने में सहायता करता है
- ✓ 4. यह शिशु की ज़रूरतों के अनुसार अनुक्रिया करके स्वस्थ दूध की आपूर्ति को बढ़ावा देता है

Q.46 निम्नलिखित में से किस प्रकार की जनसंख्या में किसी दिए गए रोग का पूर्व-नैदानिक चरण (preclinical stage) अधिक समय तक होने की संभावना सबसे अधिक होती है?

Ans
- ✗ 1. गर्भवती महिला (Pregnant women)
- ✗ 2. बच्चे (Children)
- ✗ 3. कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्ति
- ✓ 4. वृद्ध व्यक्ति (Older adults)

Q.47 नवजात शिशु को निम्नलिखित में से कौन-सी दवा नियमित रूप से दी जाती है?

Ans
- ✓ 1. विटामिन K
- ✗ 2. विटामिन B12
- ✗ 3. ऐस्पिरिन (Aspirin)
- ✗ 4. सेफ्ट्रिएक्सोन (Ceftrioxone)

Q.48 गर्भाशय का सबसे ऊपरी भाग अर्थात फंडस किस सगर्भता सप्ताह से उदर द्वारा स्पर्श्य हो जाता है?

Ans
- ✗ 1. 18 सप्ताह
- ✗ 2. 24 सप्ताह
- ✗ 3. 6 सप्ताह
- ✓ 4. 12 सप्ताह

Q.49 यदि गर्भधारण के बीच का अंतर 3 वर्ष से कम है तो कितनी टीडी बूस्टर खुराक की आवश्यकता है?

Ans
- ✓ 1. एक
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. शून्य
- ✗ 4. दो

Q.50 रज्जु भ्रंश (Cord Prolapse) में प्रबंधन प्रोटोकॉल निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans

✗ 1. माँ को करवट लेकर लेटने की स्थिति में रहने के लिए बोलें

✗ 2. रज्जु को बदलने का प्रयास कीजिए

✗ 3. माँ को चलने दीजिए

✓ 4. दस्ताने वाली उंगली से रज्जु से उभरे हुए हिस्से को उठाएं

Q.51 गर्भाक्षेपक (eclampsia) के प्रबंधन में कौन-सी औषधि सर्वोत्तम है?

Ans

✗ 1. कार्बामाज़ेपाइन (Carbamazpine)

✗ 2. क्लोनाज़ेपम (Clonazepam)

✓ 3. MgSO4

✗ 4. वैल्पोरिक अम्ल (Valporic acid)

Q.52 किसी परिवार में लोगों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं की योजना बनाते समय, किसी को यह समझना जरूरी है कि सबसे अधिक ऊर्जा आवश्यकता वाला आयु समूह _______ है।

Ans

✓ 1. 13 से 19 वर्ष

✗ 2. जन्म से 1 वर्ष तक

✗ 3. 3 से 5 वर्ष

✗ 4. 65 वर्ष से ज़्यादा

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सी घटनाएँ, जीवनविषयक घटनाएँ (vital events) मानी जाती हैं?

Ans

✗ 1. प्राकृतिक आपदाएँ

✗ 2. किसी क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियाँ

✗ 3. किसी देश में राजनीतिक घटनाएँ

✓ 4. जन्म, मृत्यु, विवाह और तलाक

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सा प्राक्गर्भाक्षेपक (Pre eclampsia) का ख़तरनाक चिन्ह है?

Ans

✓ 1. अल्पमूत्रता (Oliguria)

✗ 2. कंडू (Itching)

✗ 3. ज्वर (Pyrexia)

✗ 4. मतली, वमन

Q.55 नवजात पुनरुज्जीवन में वक्ष संपीडन और श्वास का अनुपात कितना होता है?

Ans

✗ 1. 1:3

✗ 2. 1:5

✓ 3. 3:1

✗ 4. 3:2

Q.56 इनमें से कौन-सा, COVID-19 का सामान्य लक्षण नहीं है?

Ans

✗ 1. खांसी

✗ 2. असामान्य थकान

✓ 3. धुंधली दृष्टि

✗ 4. स्वाद और गंध महसूस न कर पाना

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा आचरण प्रतिरूप, शैशव काल के दौरान परिलक्षित होता है?

Ans

✗ 1. अधिक स्वतंत्र और भावबोधक

✗ 2. सामाजिक कौशल और कल्पनाशीलता

✓ 3. बुनियादी भावनात्मक अभिव्यक्ति और परिचित चेहरों के साथ अन्योन्य क्रिया

✗ 4. पहचान निर्माण और सहकर्मी प्रभाव

Q.58 भ्रूणीय अवधि (Embryonic period) ________ के बीच मानी जाती है।

Ans
- ✗ 1. 16-20 सप्ताह
- ✗ 2. 8-12 सप्ताह
- ✗ 3. 14-16 सप्ताह
- ✓ 4. 4-8 सप्ताह

Q.59 रोल-ओवर परीक्षण (Roll-over test) निम्नलिखित में से किस सगर्भताजन्य विकार का पता लगाने के लिए किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. थायरॉइड विकार
- ✓ 2. प्राक्गर्भाक्षेपक
- ✗ 3. गर्भिणी अतिवमन
- ✗ 4. अरक्तता

Q.60 निषेचन के बाद शहतूत जैसा दिखने वाला कोशिकाओं का गुच्छ क्या कहलाता है?

Ans
- ✗ 1. पोषकोरक
- ✗ 2. युग्मज
- ✓ 3. मोरुला
- ✗ 4. कोरकपुटी

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा टीका टीबी (TB) से बचाव के लिए जन्म के समय दिया जाता है?

Ans
- ✗ 1. DPT
- ✗ 2. OPV
- ✓ 3. BCG
- ✗ 4. MR

Q.62 किसी परिवार की पोषण संबंधी आवश्यकताओं के निर्धारण में __________ को ध्यान में रखना चाहिए।

Ans
- ✓ 1. शरीरक्रियात्मक आवश्यकताओं, धर्म, सांस्कृतिक और आयु-संबंधी आवश्यकताओं, अपेक्षा और अनुरोध
- ✗ 2. आयु, संजातीयता, वजन और सामाजिक स्थिति
- ✗ 3. आयु, संजातीयता, वजन, धर्म और सामाजिक स्थिति
- ✗ 4. आयु, ऊंचाई और वजन

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा पंचसंयोजी टीका (Pentavalent Vaccine) का घटक है?

Ans
- ✗ 1. रूबेला
- ✗ 2. पोलियो
- ✓ 3. हेपेटाइटिस B
- ✗ 4. खसरा

Q.64 सर्वेक्षण के अनुसार भारत में अंधेपन (blindness) का सबसे सामान्य कारण कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. अपवर्तन दोष (Refractive errors)
- ✗ 2. स्वच्छमंडल अपारदर्शिता (Corneal opacity)
- ✓ 3. मोतियाबिंदु (Cataract)
- ✗ 4. ग्लोकोमा (Glaucoma)

Q.65 सगर्भता के दौरान आनन त्वचा की अतिवर्णकित विवर्णता (Hyperpigmented discolouration) को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ 1. कंडू (Pruritus)
- ✓ 2. विवर्णलांछन (Chloasma)
- ✗ 3. कृष्ण रेखा (Linea Nigra)
- ✗ 4. गर्भिणी उदररेखा (Striae gravidarum)

Q.66 कुष्ठ रोग का रोगकारक क्या है?

Ans
✔ 1. माइकोबैक्टीरियम लेप्री (Mycobacterium leprae)
✘ 2. बोर्डेटेला पर्टुसिस (Bordetella pertussis)
✘ 3. माइकोबैक्टीरियम तपेदिक (Mycobacterium tuberculosis)
✘ 4. स्ट्रेप्टोकोकस पायोजेन्स (Streptococcus pyogenes)

Q.67 रोग की हिमशैल परिघटना (iceberg phenomena) में, जल के ऊपर हिमशैल का दिखाई देने वाला भाग _______ का संकेत देता है।

Ans
✔ 1. नैदानिक मामला (Clinical cases)
✘ 2. अलक्षणी संक्रमण (Asymptomatic infections)
✘ 3. उप-नैदानिक मामला (Sub-clinical cases)
✘ 4. वाहक (Carrier)

Q.68 मृत्यु दर (mortality rate) की गणना का सूत्र क्या है?

Ans
✔ 1. (मृत्यु की संख्या/कुल जनसंख्या) X 1000
✘ 2. (मृत्यु की संख्या/जन्म की संख्या) X 100
✘ 3. (मृत्यु की संख्या/कुल जनसंख्या) X 100
✘ 4. (मृत्यु की संख्या/कुल जनसंख्या) X 10

Q.69 मधुमेह से ग्रसित रोगी को किस प्रकार की पोषण शिक्षा दी जाती है?

Ans
✘ 1. भोजन का अनियमित समय
✘ 2. कम फाइबर वाले आहार की
✔ 3. लगातार कार्बोहाइड्रेट का सेवन
✘ 4. चीनी के अधिक सेवन की

Q.70 संक्रमण से बचने के लिए योनि परीक्षण करते समय निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय किया जाता है?

Ans
✘ 1. योनि क्रीम लगाना
✔ 2. निर्जीवाणुक दस्ताने पहनना
✘ 3. योनि धावनों का उपयोग करना
✘ 4. मूत्राशय खाली न करना